# Rashtriya Chemicals and Fertilizers Limited

(A Government of India Undertaking)
Administrative Building, Chembur, Mumbai- 400 074

Let us grow together

## अधिकारी (विपणन) और प्रबंधन प्रशिक्षु (रसायन, यांत्रिकी, बॉयलर, सुरक्षा, स्थापत्य (Civil), सुरक्षा, सीसी लैब और सूचना प्रौद्योगिकी) की भर्ती हेतु ऑन-लाईन परीक्षा

### सूचना पुस्तिका

यदि आपने दो पदों के लिये आवेदन किया है, इस परिस्थिती में आपको एक ही सत्र में अलग से दोनों पदों के व्यावसायिक ज्ञान के पेपर में उपस्थित होना होगा। (हालांकि बुलावा पत्र जारी करते समय केवल एक ही पंजीकरण क्रमांक (नवीनतम) का उल्लेख किया गया है तथा एक ही रोल नम्बर प्रशासनिक उद्देश्य के लिए उत्पन्न किया गया है।) दोनों पदों के नाम बुलावा पत्र पर अंकित होंगे।

इस पुस्तिका में परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी।

| भाग | अनु. क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I | 1 | सामान्य अंग्रेजी | 15 | 15 | 45 मिनट | अंग्रेजी और हिन्दी |
| | 2 | संख्यात्मक अभियोग्यता | 15 | 15 | | |
| | 3 | तार्किक क्षमता और सामान्य सचेतता | 10+10 | 20 | | |
| II | 4 | व्यावसायिक ज्ञान | 50 | 100 | 45 मिनट | |
| | | कुल | **100** | **150** | **90 मिनट** | |

परीक्षा के लिए समय 90 मिनट है; तथापि लागिंग इन, प्रवेश पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 150 मिनट रहना पड सकता है । दो पदों के लिये आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए परीक्षा का समय 135 मिनट का होगा। दोनों पदों के लिये भाग II (व्यावसायिक ज्ञान की प्रश्नावलियाँ) बिना किसी विराम के प्रशासित की जाएगी। सामान्य अंग्रेजी प्रश्नावली के अलावा सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी और हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । आप किसी भी प्रश्न का उत्तर उस प्रश्नावली के भाग के लिए आबंटित समय के दौरान ही दे सकते हैं । सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी । ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जाएंगे ।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है।*

* अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

नोट : कटऑफ दो चरणों में लागू होते हैं :

(i) अलग-अलग वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली के अंकों पर

(ii) कुल वस्तुनिष्ठ अंकों पर

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## नमूना प्रश्न
## सामान्य अंग्रेजी

**Q.1-3.** Pick out the most appropriate word from amongst the words given below each sentence to complete it meaningfully.

**Q.1.** He quickly glanced _______ the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to (5) over

**Q.2.** The counsel urged the court to _______ down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) declare

**Q.3.** The local official _______ the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told (5) intimated

**Q.4-6.** Read each sentence to find out whether there is any grammatical error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part of the sentence is your answer. If there is no error, the answer is (5).

**Q.4.** I am twenty (1) / two years old (2) / when I first (3) / joined the bank. (4) No error (5)

**Q.5.** To the Hindus (1) / the Ganga is (2) / holier than (3) / any other river. (4) No error (5)

**Q.6.** Of all the teachers (1) / in our school (2) / our class teacher (3) / were very strict. (4) No error (5)

## संख्यात्मक अभियोग्यता

**प्र.1.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सही गुणक है ?
(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** सोहनलाल ने रु. 100 प्रति रीम से पेपर के 120 रीम खरीदे । ढुलाई पर खर्च रु. 480 था । उसे 50 पैसे प्रति रीम का चुंगी शुल्क और कुली को रु. 60 का भुगतान करना पड़ा । यदि वह 20% का लाभ चाहता हो तो प्रत्येक रीम का बिक्री मूल्य क्या होना चाहिए ?
(1) रु. 126 (2) रु. 115.50 (3) रु. 105 (4) रु. 120 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3-5.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 से कम | 30-39 | 40-49 | 50-59 | 60-69 | 70 और अधिक |
| 260 और अधिक | 8 | 18 | 26 | 18 | 26 | 4 |
| 210 से 259 | 5 | 4 | 30 | 22 | 10 | 9 |
| 160 से 209 | 16 | 10 | 45 | 56 | 18 | 9 |
| 110 से 159 | 28 | 42 | 100 | 190 | 15 | 5 |
| 60 से 109 | 35 | 115 | 20 | 8 | 7 | 5 |
| 60 से कम | 32 | 32 | 20 | 4 | 6 | 2 |

**प्र.3.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?
(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?
(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक (4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?
(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70 (4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## तार्किक क्षमता और सामान्य सचेतता

**प्र.1.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरू होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है । यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर X है ।
(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.2.** लड़कियों की एक पंक्ति में, यदि सीता, जो बाएं से 10 वीं है और लीना, जो दाएं से 9 वीं हैं, आपस में अपने स्थान बदल लेती हैं, तो सीता बाएं से 15 वीं हो जाती है । पंक्ति में कितनी लडकियां हैं ?
(1) 16 (2) 18 (3) 19 (4) 22 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3-5.** नीचे दी गई जानकारी पढ़कर इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :
एक प्रसिध्द नाटककार के छह नाटक A, B, C, D, E और F सोमवार से शनिवार तक हर दिन एक खेला जाएगा । नाटकों का कार्यक्रम निम्नलिखित के अनुसार होगा ।
(1) जिस दिन E खेला जाए, A उससे पूर्ववर्ती दिन को खेला जाना चाहिए
(2) C मंगलवार को नहीं खेला जाना चाहिए
(3) B उस दिन होना चाहिए जो F के मंचन के बाद वाला दिन हो
(4) D केवल शुक्रवार को खेला जाना चाहिए और उसके तुरंत पहले B नहीं खेला जाना चाहिए
(5) E कार्यक्रम के अंतिम दिन नहीं खेला जाना चाहिए

**प्र.3.** सोमवार से खेले जाने के क्रम में नाटकों का कार्यक्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(1) E A B F D C (2) A F B E D C (3) A F B C D E
(4) F A B E D C (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** नाटक C मंगलवार के अतिरिक्त निश्चित रुप से निम्नलिखित में से किस दिन नहीं खेला जा सकता है ?
(1) सोमवार (2) बुधवार (3) गुरुवार (4) शुक्रवार (5) शनिवार

**प्र.5.** नाटक D नाटकों के निम्नलिखित में से किस जोड़े के बीच है ?
(1) C एवं E (2) E एवं F (3) A एवं E (4) B एवं E (5) C एवं F

**प्र.6.** आर. के लक्ष्मण किस बात के लिए प्रसिद्ध हैं ?
(1) चित्रकारी (2) कार्टून (3) स्क्रीनप्ले लेखन (4) फिल्म दिग्दर्शन (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.7.** OSCAR पुरस्कार, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये दिया जाता है ?
(1) फिल्म (2) साहित्य (3) खेल (4) विज्ञान (5) समाज सेवा

**प्र.8.** RBI में अक्षर I निम्नांकित में से किसके लिए प्रयुक्त होता है?
(1) India (2) International (3) Insurance (4) Income (5) Institute

**प्र.9.** 'मंडी हाऊस' हैं _________
(1) प्रधानमंत्री निवास (2) श्याम बेनेगल द्वारा निर्देशित पुरस्कृत फिल्म
(3) दूरदर्शन के महानिदेशक का कार्यालय (4) वाणिज्य मंत्रालय का मुख्यालय
(5) वह स्थान जहां कि दूरदर्शन का केंद्रिय निर्माण केंद्र स्थित है ।

**प्र.10.** विश्वनाथन आनंद का नाम निम्न में से किस खेल से जुड़ा है ?
(1) बैडमिंटन (2) गोल्फ (3) शतरंज (4) बिलियर्डस (5) बास्केट बाल

## व्यावसायिक ज्ञान

संबंधित विषय के प्रश्न, विशेषज्ञता के क्षेत्र से संबंधित होंगे ।
अधिकारी विपणन के पद के लिए व्यावसायिक ज्ञान की प्रश्नावली शैक्षणिक योग्यता पर आधारित होगी (प्रबंधन/कृषि)।

**(अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैर्टन का विवरण :**

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) सामान्य अंग्रेजी प्रश्नावली के अलावा सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी और हिन्दी में होगी ।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा । किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए प्रश्नावली (यॉं) पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :



**आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**



**आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**



**प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (**Marked for Review**) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि मार्कड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर प्रश्नावलियों के नाम डिस्प्ले किये जायेंगे । जो प्रश्नावली आप देखेंगे वह हाइलाइट होगी ।

(15) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार को परीक्षा जारी रखने के लिए तुरंत डीबार कर दिया जाएगा ।

(16) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(17) प्रत्येक प्रश्नावली/प्रश्नावली के समूह के लिए आबंटित समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही उस प्रश्नावली के किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे । उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(18) **कृपया नोट करें :-**

**(a) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को फाइनली सबमिट करने नहीं दिया जाएगा ।**

**(b) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

**(ब) सामान्य निर्देश :**

(1) कृपया प्रवेश पत्र में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें । देरी से आने वाले उम्मीदवारों को अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेश पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और RCFL प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए । आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी । **प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा ।**

(6) आपके अपने फोटोग्राफ को प्रवेश पत्र पर चिपका कर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - **यह अनिवार्य है । कृपया प्रवेश पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में ड्राप बाक्स में डाल दें । वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं - पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर गजटेड अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार/ई-आधार कार्ड/कर्मचारी का मूल पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहला / अंतिम /बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । प्रवेश पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमत किया जाएगा ।

(7) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों की नकल की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए पाए जाने वाले उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ RCFL उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है।

(8) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन और स्याही स्टैम्प पैड लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको निर्देशित तय स्थान पर कागज का यह पन्ना, प्रवेश पत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः डालनी चाहिए ।

(9) परीक्षा के प्रशासन में कुछेक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है । ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल । पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन के विवेक पर निर्भर है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी पर निरस्त कर दिया जायेगा । RCFL ऑनलाइन टेस्ट को स्थगित करने या रद्द करने या ऑनलाइन टेस्ट की तारीख/समय/स्थान में परिवर्तन का अधिकार सुरक्षित रखता है ।

(10) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियो कि डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड़जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(11) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है ।

(12) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे RCFL की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

(13) **ऑनलाइन परीक्षा के लिए बुलाए गए बाहरी SC/ST/PwBD उम्मीदवारों को रेल अथवा बस के किराये की विज्ञापन में किये गये उल्लेख अनुसार प्रतिपूर्ति की जाएगी।**

(14) **SC/ST/PwBD श्रेणियों के उम्मीद्वारों से अनुरोध है कि वह RCFL की वेबसाईट से बुलावा पत्र के समेत दिया हुआ TA फार्म डाउनलोड करें, इसे भरें और जमा करने के लिए परिक्षा के दिन लाएं । परिक्षा स्थल पे दिए गए ड्रॉप बॉक्स में भरे हुए फार्म को डालना है । आनेवाली यात्रा के मूल टिकट और आउटगोइंग यात्रा की फोटोकॉपी के साथ। परीक्षा के एक महीने के भीतर बैंक खाते में इन राशियों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से क्रेडिट किया जाएगा ।**

(15) PwBD **उम्मीदवारों से संबंधित खंड केवल** PwBD **रिक्तियों के लिये पहचाने गये पदों के लिये लागू होते हैं ।**

(16) हमने भर्ती अनुभाग के तहत अपनी वेबसाइट www.rcfltd.com पर प्री-टेस्ट प्रशिक्षण सुविधा / ऑनलाइन डेमो (हिंदी और अंग्रेजी में) प्रदर्शित किया है। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं।

(17) भर्ती अनुभाग के तहत हमारी वेबसाइट www.rcfltd.com पर प्रदर्शित विज्ञापन के अनुसार, यदि आप उपरोक्त पद के लिए पात्र नहीं हैं, तो कृपया इस पत्र को रद्द मान लें और ऑनलाइन परीक्षा के लिए उपस्थित न हों।

## सामाजिक दूरी पद्धति से परीक्षा संचालन संबंधी अनुदेश

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल परप्रवेश पत्र में उल्लिखित समयावधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। अभ्यर्थियों से इस समयावधि का सख्ती से पालन अपेक्षित है क्योंकि परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति संबंधित अभ्यर्थी को -**केवल** उसे आबंटित समयावधि में ही मिलेगी। अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र में दिए गए रिपोर्टिंग समय से न्यूनतम मिनट पहले रिपोर्ट करना चाहिए। 15

2. अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।

3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री

   अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी
   a. मास्क **(मास्क पहनना अनिवार्य है)**
   b. दस्ताने
   c. पानी की अपनी पारदर्शी बोतल **(अभ्यर्थी अपनी पानी की बोतल लेकर आएँ)**
   d. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)
   e. एक सामान्य पेन और एक व्यक्तिगत स्याही स्टैम्प पैड (ब्लू / ब्लैक)
   f. परीक्षा संबंधी कागजात (प्रवेश पत्र जिसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल ID कार्ड)
   g. प्रवेश पत्र इसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न कर के लाएँ। मूल ID (फोटोप्रति वाली) भी सत्यापन हेतु साथ लेकर आएँ। ID तथा प्रवेश पत्र पर नाम बिलकुल एक जैसा होना चाहिए।
   h. विधिवत भरा व फोटोग्राफ लगा कर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म- स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में
   i. SC/ST/PwBD उम्मीद्वार : भरा हुआ TA फार्म टिकट के साथ लगाकर (आनेवाली यात्रा के मूल टिकट और आउटगोइंग यात्रा की फोटोकॉपी के साथ)।

   परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।

4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामानसामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।/

5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।

7. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपने दस्ताने, N95 मास्क, सैनिटाइज़र (50 मिली) और पानी की पारदर्शी बोतल लानी चाहिए। अभ्यर्थी और स्क्राइब दोनों को N95 मास्क पहनकर रखना होगा।

8. अभ्यर्थी द्वारा अपने मोबाइल फोन में आरोग्य सेतु एप्प जरूर इन्सटाल किया हुआ होना चाहिए। आरोग्यसेतु स्टेटस में अभ्यर्थी का जोखिम स्तर जरूर दर्शाया हुआ होना चाहिए। अभ्यर्थी को यह स्टेटस परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। यदि अभ्यर्थी के पास स्मार्ट फोन नहीं है तो उसे इस आशय की हस्ताक्षरित घोषणा (घोषणा प्रवेश पत्र के साथ उपलब्ध करायी गई है) लानी होगी और इसे परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। उन अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी जिनका आरोग्यसेतु एप्प स्टेटस माडरेट अथवा अधिक जोखिम वाला है। यदि घोषणा में की गई किसी भी रेस्पांस से कोविड-19 संक्रमण/लक्षण के बारे में पता चलता है तो अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। (यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी इन्हीं निर्देशों का पालन करना होगा)

9. **प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा ।**

10. प्रवेश द्वार पर सभी अभ्यर्थियों (और स्क्राइब, यदि लागू है) के तापमान की जांच थर्मामीटर गन से की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति का तापमान सामान्य से अधिक (>99.14$^{0}$ F) होता है या वायरस का कोई लक्षण दिखाई देता है तो उसे स्थल में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

11. अभ्यर्थी पंजीकरण में :

**a. अभ्यर्थी का पंजीकरण फोटो लेकर किया जाएगा । ली गई फोटो आवेदन (बुलावा पत्र में यथा मुद्रित) में आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से मिलायी जाएगी। आपकी शक्ल/रूप-रंग आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से अलग नहीं होनी/होना चाहिए।**

**b. फोटोग्राफ अभ्यर्थी के खड़े होने की मुद्रा में लिया जाएगा ।**

**c. अभ्यर्थी को सीट क्रमांक दिया जाएगा ।**

12. रफ शीट, प्रवेश पत्र और ID प्रमाण प्रबंधन

- अभ्यर्थी, प्रत्येक अभ्यर्थी डेस्क पर रखी रफ शीट का इस्तेमाल करेंगे ।
- अभ्यर्थी को लैब/स्थल को छोड़ते समय उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या किसी तय स्थान पर ID प्रमाण प्रति सहित प्रवेश पत्र डालने के संबंध में निर्देशों का पालन अवश्य करना चाहिए। स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठाने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र और ID प्रमाण की प्रति सहित स्क्राइब फॉर्म जमा करना चाहिए ।
- अभ्यर्थी को लैब/स्थल से बाहर निकलते समय, वहाँ उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या परीक्षा पदाधिकारियों द्वारा निर्देशित तय स्थान पर रफ शीट, प्रवेश पत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः डालनी चाहिए ।

13. :परीक्षा आयोजित होने के बाद नियंत्रण

- परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए ।

## आपको शुभकामनाएं